www.Dimapurlibrary.com



# 2023
# HINDI

*Total marks : 80* *Time : 3 hours*

***General Instructions:***
*i) Approximately 15 minutes is allotted to read the question paper and revise the answers.*
*ii) The question paper consists of 26 questions. All questions are compulsory*
*iii) Marks are indicated against each question.*
*iv) Internal & general choice have been provided in some questions.*
***N.B: Check to ensure that all pages of the question paper is complete as indicated on the top left side.***

## SECTION - A ( अपठित बोध )

1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**

हम माया अविद्या के चक्र में फँसकर वास्तविकता को भूल जाते हैं। रज और तम में प्रवृति दौड़ती हैं, इस कार्य विधि को निरंतर प्रोत्साहन मिलने से वह इतनी प्रबल हो जाती है कि आत्मा की पुकार के स्थान पर मन की इच्छा तृष्णा की प्रधानता प्राप्त कर लेती है। इस दुष्प्रवृति से छुटकारा पाकर आत्मानुगत होने पर ही आनंद प्राप्त हो सकता है। इस कार्य पद्धति को योग साधना कहते हैं। भारतीय मनोविज्ञान के अनुसार वह योग पद्धति श्रेष्ठ है, क्योंकि इसमें मनुष्य की रूचि और प्रवृति ऊँची रहती है। सात्विकता में देवत्व को विकसित करने का प्रचुर अवसर मिलता है। मन शुद्ध होता है। मन की शांति, एक्राग्रता मिलती है तथा आध्यात्मिक शक्तियाँ बढ़ती हैं। आज योग विद्या को सही दृष्टि से अपनाने की आवश्यकता है। मात्र आसन या प्राणायाम ही योग नही वास्तविक महत्व आन्तरिक साधना ही है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक उचित शीर्षक दीजिए ? 1
(ख) हम वास्तविकता को क्यों भूल जाते हैं ? 1
(ग) किसमें प्रवृति दौड़ती है ? 1
(घ) योग पद्धति श्रेष्ठ क्यों हैं ? 1
(ङ) सात्विकता में किसको विकसित करने का प्रचुर अवसर मिलता हैं ? 1
(च) 'वास्तविक' शब्द का विलोम शब्द लिखिए ? 1
(छ) 'इच्छा' शब्द का एक पर्यायवाची शब्द लिखिए? 1
(ज) आनंद की प्राप्ति कैसे हो सकती है ? 1
(झ) किसको सही दृष्टि से अपनाने की आवश्यकता हैं ? 1
(ञ) 'मनोविज्ञान' का समास विग्रह कीजिए । 1

## SECTION - B (संरचना)

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 150-200 शब्दों में लिखिए:-**

(क) 'स्वच्छ जल - स्वस्थ जीवन' विषय पर एक वस्तुनिष्ठ निबंध लिखिए।

**अथवा** 6

(ख) 'समाचार पत्र से लाभ' के विषय में पिता-पुत्र के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

3. **किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए:-**

(क) दिए गए मुद्रित प्रति का व्याकरण एवं संरचना संबंधी त्रुटियों को संशोधित करते हुए संपादन कीजिए।

आजकल का बच्चा हमेशा मोबाइल में ही लगा रता है। इस कारण उनका बाहर निकलना खेलना - कूदना सभी बंद हो गए है। माता - पिता का पास भी इतना समय नही है कि वे अपने बच्चा के साथ बैठ सके।

www.Dimapurlibrary.com



**अथवा** 4

(ख) आप सर्वोदय विद्यालय, कोहिमा के प्रधानाचार्य हैं। आपके विद्यालय में 15 अप्रैल, 2023 को वार्षिक समारोह का आयोजन होने वाला है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के माता-पिता के लिए एक निमंत्रण - पत्र तैयार कीजिए।

## SECTION - C ( व्याकरण एवं अनुवाद )

4. **निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:**
   बादल, आँख 2x1=2
5. **निम्नलिखित शब्दों के संधि - विच्छेद कीजिए:**
   परोपकार, अन्वय । 2x1=2
6. **दिए गए सामासिक पदों का विग्रह कीजिए:**
   राजमहल, सीताराम 2x1=2
7. **दिए गए मुहावरों का अर्थ वाक्य प्रयोग द्वारा स्पष्ट कीजिए:**
   तीर निशाने पर न लगना, हौंसला पस्त होना । 2x1=2
8. **यमक अलंकार किसे कहते है ? उदाहरण द्वारा स्पष्ट करें ।** 2
9. **वीर रस का स्थायी भाव क्या है** ? 1
10. **दोहा छंद किसे कहते है** ? 1
11. **निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए:** 3
    All the great men have been successful. They are remembered for their great achievement. But it is certain that success comes to those who are sincere, hardworking, loyal and committed to their goals. Success has been man's greatest motivation.

## SECTION - D ( साहित्य )

### गद्य भाग

12. जेन्यूए तथा उसके पुत्र को किसने मार डाला था ? 1
13. पूस का महीना आने वाला है, यह सोचकर हल्कू क्यों चिंतित है ? 2
14. लेखक के मित्र बाजार क्यों गये थे, वे वापिस किस हाल में लौटे ? 2
15. एकांकी 'बहुत बड़ा सवाल' में लेखक ने किसकी प्रवृति और मनोवृति का चित्रण किया है ? 3
16. 'बाजार दर्शन' के अनुसार संयमी व्यक्ति पैसे का उपयोग किस प्रकार करता है ? 3
17. निम्न में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए:
    **प्रस्तुत कथन किसने, किससे तथा क्यों कहा है ?**

(क) "ममी तुम भी कमाल करती हो, अपनी जिन्दगी को लेकर भी तुम सपने देखो और मेरी जिन्दगी के सपने भी तुम्ही देख डालो" ।

**अथवा** 1+1+2=4

www.Dimapurlibrary.com



(ख) 'मुझे आपत्ति है । जब प्रस्ताव हिन्दी में है तो संस्था का नाम भी हिन्दी में होना चाहिए'।

**18. नीचे दिए गए प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए ?**

(क) गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

उन लोगों के दो नाम थे- इंदर सेना या मेढक-मण्डली। बिलकुल एक दूसरे के विपरीत ।जो लोग उनके नग्नस्वरुप शरीर, उनकी उछलकूद, उनके शोर-शराबे और उनके कारण गली में होने वाली कीचड़ काँदों से चिढ़ते थे, वे उन्हें कहते थे मेढक-मण्डली। उनकी अगवानी गालियों से होती थी।वे होते थे दस-बारह बरस से सोलह - अठारह बरस के लड़के साँवला नंगा बदन सिर्फ एक जाँघिया या कभी-कभी सिर्फ लंगोटी। एक जगह इकट्ठे होते थे। पहला जयकारा लगता था, "बोल गंगा मैया की जय" ।जयकारा सुनते ही लोग सावधान हो जाते थे। स्त्रियाँ और लड़कियाँ छज्जे, बारजे से झाँकने लगती थी और यह विचित्र नंग-घड़ंग टोली उछलती-कूदती समवेत पुकार लगाती थी।

(i) गाँव से पानी माँगने वालों के नाम क्या थे ? 1

(ii) मेढक-मंडली का दूसरा नाम क्या है ? 1

(iii) मेढक-मंडली में कैसे लड़के होते थे ? 1

(iv) इंदर सेना के जयकारे की क्या प्रतिक्रिया होती थी ? 1

(v) मेढक - मंडली की अगवानी किससे होती थी ? 1

(ख) पति द्वारा घर से निकाले जाने पर मार्ग में सुरक्षा के लिए जेन्यूए ने क्या-क्या तैयारियाँ की ? 5

(ग) 'न जाने कितनी बाकी है, जो किसी तरह चुकंते नहीं आती' । इस स्थिति का शिकार केवल हल्कू ही नहीं था, बल्कि उस समय के भारतीय किसान थे। इस कथन की समीक्षा कीजिए । 5

## पद्य भाग

19. 'पतंग' कविता के अनुसार बच्चों की दुनिया किसके समान होती है ? 1

20. कवि ने क्या सहर्ष स्वीकारा है ? कविता के आधार पर लिखिए । 2

21. 'घर की याद' कविता में पिता के किस व्यक्तित्व की चर्चा की गई है ? 3

22.(क) *"बरषत हरषत, लोग सब, करषत लखै न कोई ।*
*तुलसी प्रजा सुभाग ते, भूप भानु सो होई ।"*

(i) यह पंक्ति किस पाठ से ली गई है ? 1

(ii) इस पाठ के के रचनाकार कौन है ? 1

(iii) इस पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए । 2

**अथवा**

(ख) बहलाती सहलाती आत्मीयता बरदाश्त नही होती है

(i) यह पंक्ति किस पाठ से ली गई है ? (1)

(ii) इस पाठ के रचनाकार कौन है ? (1)

(iii) इस पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। (2)

www.Dimapurlibrary.com



23. किसी एक पद्यांश की संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए: **1x5=5**

(क) जन्म से ही वे अपने साथ लाते है, कपास
पृथ्वी घूमती हुई आती है उनके बेचैन पैरों के पास
जब वे दौड़ते हैं बेसुध
छतों को भी नरम बनाते हुए

(ख) सरनागत कहँ जे तजहिं, निज अनहित अनुमानि।
ते नर पाँवर पापमय, तिनहि बिलोकत हानि।।

(ग) किन्तु उनसे यह न कहना
उन्हें देते धीर रहना
उन्हें कहना लिख रहा हूँ
उन्हें कहना पढ़ रहा हूँ

## कथा साहित्य

24. निर्मला ने अपनी अंतिम इच्छा रूक्मिणी को क्या बताई ? 2

25. मुंशी प्रेमचन्द जी ने निर्मला उपन्यास में समाज के किन-किन बुराइयों का वर्णन किया हैं ? 3

26. (क) उपन्यास में वर्णित कथा के आधार पर मुंशी तोताराम का चरित्र - चित्रण कीजिए । 5

**अथवा**

(ख) जिस दिन से तोताराम ने निर्मला के बहुत मिन्नत समाजत करने पर भी मंसाराम को बोर्डिंग हाउस में भेजने का निश्चय किया था, उसी दिन से उसने मंसाराम से पढ़ना छोड़ दिया था । यहाँ तक कि बोलती भी न थी। उसे स्वामी की इस अविश्वासपूर्ण तत्परता का कुछ-कुछ आभास हो गया था। ओफ्फोह इतना शक्की मिजाज ईश्वर ही इस घर की लाज रखें। इनके मन में ऐसी-ऐसी दुर्भावनाएँ भरी हुई है। मुझे यह इतनी गई -गुजरी समझते है। ये बातें सोच-सोचकर वह कई दिन रोती रही। तब उसने सोचना शुरु किया, इन्हें क्यों ऐसा संदेह हो रहा है मुझमें ऐसी कौन-सी बात है, जो इनको आँखों में खटकती हैं। बहुत सोचने पर भी उसे अपने में कोई ऐसी बात नजर न आई। तो क्या उसका मंसाराम से पढ़ना उससे हँसना-बोलना ही इनके संदेह का कारण हैं, तो फिर मैं पढ़ना छोड़ दूंगी, भूलकर भी मंसाराम से न बोलूंगी, उसकी सूरत न देखूँगी।

(i) किसने मंसाराम को बोर्डिग हाउस भेजने का निश्चय किया था ? (1)

(ii) किसके मिजाज शक्की थे ? (1)

(iii) निर्मला नें मंसाराम से पढ़ना क्यों छोड़ दिया ? (1)

(iv) निर्मला ने किसकी सूरत न देखने का निश्चय किया ? (1)

(v) 'आँखों में खटकना ' का क्या अर्थ है ? (1)

****************